संख्या–568जेड/6–सा–1–10–12जी/2010

प्रेषक,

जी0पी0 वर्मा,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक/सचिव,
स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद,
उ0प्र0, लखनऊ।

गृह (सामान्य) अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक : 07 अप्रैल, 2010

विषय : **स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में की गई यात्रा से सम्बन्धित बिलों के भुगतान हेतु वित्तीय वर्ष 2010–11 के लिये धनराशि का आवंटन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा की गई निःशुल्क यात्रा से सम्बन्धित बिलों के भुगतान हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2010–11 के लिए प्राविधानित कुल रूपये 5,00,000/– (रूपये पॉच लाख मात्र) आपके निस्तारण पर प्रदेशित करने एवं व्यय करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय समस्त वित्तीय नियमों एवं स्थायी ओदशों के अनुसार किया जोयगा। धनराशि के प्रदेशन मात्र से ही व्यय करने का अधिकार नहीं हो जाता, जहॉ सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति अपेक्षित हो, व्यय करने से पूर्व अवश्य प्राप्त कर ली जाये।

3– वित्तीय स्वीकृतियों में आवश्कतानुसार धनराशि का कोषागार से किश्तों में आहरण सुनिश्चित किया जाय।

4– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2010–11 के आय–व्ययक की अनुदान संख्या–28 के लेखा शीर्षक "3055–सड़क परिवहन–190–सार्वजनिक क्षेत्र तथा अन्य उपकमों को सहायता–03–स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों से निःशुल्क यात्रा की सुविधा के लिए निगम को भुगतान–42–अन्य व्यय" के नामे डाला जायेगा।

ये आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभागों को प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(जी0पी0 वर्मा)
प्रमुख सचिव।

पृ0सं0–568 (।)जेड/6–सा–1–2010–तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।

2– महालेखाकार (लेखा एवं हकदीर) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।

3– वरिष्ठ आडिट ऑफिसर (आडिट–प्लानिंग) कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम सत्यनिष्ठा भवन, 15–थार्नहिल रोड, इलाहाबाद।

4– कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

5– निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।

6– वित्त (आय–व्यय) अनुभाग–1

7– वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–12

8– प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ।

9– बजट सहायक/गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(अजेय कुमार श्रीवास्तव)
उप सचिव।